## शिक्षक नियमित आएं, स्कूल समय पर संचालित हों



### कमिश्नर ने की शैक्षणिक सत्र की तैयारी की समीक्षा

**शहडोल, देशबन्धु।** शैक्षणिक गुणवत्ता के साथ कोई समझौता नही किया जाएगा, संभाग में संचालित सभी स्कूले समय पर संचालित हो, सभी शिक्षक नियमित रूप से उपस्थित होकर कैलेण्डर के अनुसार पाठ्यक्रम संचालित करे, विद्यार्थियो की समस्याओ एवं शंकाओं का समाधान करे । कमजोर विद्यार्थियो पर नजर रखे तथा उनके लिये अतिरिक्त कक्षाओं का संचालन करे। यह निर्देश आयुक्त शहडोल संभाग श्रीमति सुरभि गुप्ता ने नए शैक्षणिक सत्र की तैयारियो एवं अपनाई जाने वाली रणनीति की समीक्षा करते हुए संभाग के जिला शिक्षा अधिकारियों, सहायक आयुक्त जनजातीय विकास तथा डीपीसी को दिए।

कमिश्नर श्रीमती गुप्ता ने कहा कि जिन विद्यालयो के परीक्षा परिणाम औसत से कम रहा है तथा जिन विषय शिक्षको के परीक्षा परिणाम अच्छे नही रहे है उन पर कार्यवाही की जाये। संभाग के तीनों जिलों में जिन विषयों के परीक्षा परिणाम कमजोर रहा है,उनका जिला स्तर पर विश्लेषण किया जाय तथा उन विषयों के लनिंग मैटेरियल तैयार कराकर उपलब्ध कराया जाए। विद्यार्थियों की उपस्थिति पर विशेष ध्यान दिया जाए,शिक्षक अभिभावको के सम्पर्क में रहकर विद्यार्थियों की शाला में उपस्थिति तथा उनके शैक्षणिक प्रगति से उन्हें अवगत कराते रहें। कक्षा 12 वी उत्तीर्ण कर लेने वाले विद्यार्थियों की उच्च शिक्षा विभाग तथा तकनीकी शिक्षा विभाग से समन्वय किया जाय। कमजोर विद्यार्थियों के लिए रेमेडियल कक्षाएं तथा कोचिंग की भी व्यवस्था की जाय।

कमिश्नर ने चालू शैक्षणिक सत्र में कक्षा-1 से लेकर कक्षा 6वीं, 9 वीं तथा 11 वीं में नामांकन, पाठ्य पुस्तकों की उपलब्धता तथा वितरण, गणवेश वितरण, लैपटॉप, स्कूटी, सामेकित तथा एम पी टास छात्रवृत्ति की समीक्षा करते हुए सभी कार्यवाहियां 10 दिन के भीतर पूरी करने के निर्देश दिए।

संयुक्त संचालक शिक्षा उमेश धुर्वे ने बताया कि शहडोल संभाग के तीनों जिलों में बोर्ड परीक्षा परिणाम विगत वर्षों से बेहतर रहें और बेहतर परीक्षा परिणाम के लिए रणनीति तैयार की जा रही, जिसमें सघन मानीटरिंग, नियमित समीक्षा, पाठ्यक्रम सामग्री, माडल पेपर आदि को समाहित किया गया है। सहायक आयुक्त जन जातीय कार्य विभाग शहडोल आनंद राय सिन्हा ने बताया कि एकलव्य विद्यालय जैतपुर का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा है, यहां एक विद्यार्थी द्वितीय श्रेणी में तथा शेष सभी प्रथण श्रेणी में रहें हैं, जिसकी आयुक्त व्दारा सराहना की गई। सहायक संचालक शहडोल संजय पांडे ने बताया कि शैक्षणिक गुणवत्ता में सुधार हेतु जिला स्तर पर बिषय विशेषज्ञ शिक्षकों की टीम गठित कर पाठ्यक्रम सामग्री तैयार की जा रही है, जिसे अगस्त महीने से शालाओं को उपलब्ध कराया जाएगा। सहायक संचालक जे पी नापित ने संभाग में जनजातीय विभाग की गतिविधियों की जानकारी दी।

## किसान खाद के लिए हैं परेशान : राव



शहडोल, देशबन्धु। जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष राम निहोर राव ने एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा है कि अभी खरीफ सीजन की बुआई का समय है, लेकिन किसानों को खाद के लिए परेशान होना पड़ रहा है।

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता श्री राव ने कहा कि मक्का, सोयाबीन, धान और अरहर की बुआई का समय चल रहा है, लेकिन खाद की अनुपलब्धता ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। उन्होंने कहा कि किसान डीएपी और यूरिया की किल्लत से जूझ रहे हैं।

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी जयसिंहनगर के पूर्व अध्यक्ष श्री राव ने यह भी कहा कि शासकीय समितियों और विपणन संघ के भंडारण केंद्रों में डीएपी खाद न मिलने से परेशान किसानों को खुले बाजार से महंगे दाम पर खाद खरीदने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि समय पर खाद न मिलने से किसानों को पर्याप्त फसल नहीं मिल पाएगी।

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता श्री राव ने जिला प्रशासन से मांग की है कि किसानों को पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध कराई जाए ताकि किसानों को आर्थिक नुकसान न उठाना पड़े।

## सार-समाचार

### दीवार में सुराख कर चोरों ने लगाई सेंध

**उमरिया, देशबन्धु।** उमरिया जिले में बिरसिंहपुर पाली थाना क्षेत्र की एमपीईबी रोड के राजस्व विभाग की कॉलोनी में चोरी की वारदात हुई। गुरुवार देर रात पटवारी राजेश प्रजापति के घर में चोरों ने दीवार में छेद कर प्रवेश किया।



उमरिया में पटवारी के घर से की चोरी, डॉग स्क्वॉड और फिंगरप्रिंट टीम कर रही जांच।

### उमरिया में मेटाडोर दुर्घटनाग्रस्त, चालक फंसा

**उमरिया, देशबन्धु।** उमरिया जिले के चंदिया थाना क्षेत्र में एनएच-43 के बांका बाईपास पर शहडोल से कटनी जा रही मेटाडोर वाहन ट्रक से टकरा गया। दुर्घटना में मेटाडोर के चालक मृत्येंद्र सिंह (लालपुर शहडोल निवासी) वाहन में फंस गए। स्थानीय युवाओं ने उन्हें बाहर निकाला। जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया ।

### संभागीय समन्वयक ने प्रस्फुटन समिति के काम को परखा , सीखने स्वावलंबन के तरीके



**ब्यौहारी,देशबन्धु।** जन अभियान परिषद के संभागीय समन्वयक भीम सिंह डामोर एवं जिला समन्वयक विवेक पांडे ने व्यवहारी जनपद पंचायत के ग्राम पंचायत खुटेहरा में प्रस्फुटन समिति की बैठक ली एवं उनको पौधारोपण करने नर्सरी तैयार करने के लिए प्रेरित किया ग्राम प्रस्तुत समिति के अध्यक्ष बाबूलाल कुशवाहा ने संभागीय समन्वयक को आम के पेड़ दिखाएं जिसमें प्रस्फुटन समिति के द्वारा उन्नत किस्म के आम तैयार किया जा रहे हैं एक ही पेड़ में तीन तरह के आम को कलम बांध करके तैयार किया गया था बैठक में ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाने के लिए समिति को प्रेरित किया संभागीय समन्वयक ने प्रकृति प्रेमी मंगल सिंह से भी मुलाकात की पपडेरी के मंगल सिंह द्वारा नगदी फसल की खेती की जा रही है उनके द्वारा मसाले की भी खेती से लाभ कमाया जा रहा है जिला समन्वयक विवेक पांडे ने भी मध्य प्रदेश सरकार के अभियान एक पेड़ मां के नाम पर जानकारी दी उन्होंने कहा कि यह मध्य प्रदेश सरकार की पहला है इसके तहत समिति से जुड़े प्रत्येक सदस्य को एक पेड़ अपने मां के नाम पर लगाना है उसकी देखभाल करना बैठक में प्रमुख रूप से ऋतिक दास मिश्रा विजयपाल अध्यक्ष नव अंकुर संस्था, बाबूलाल कुशवाहा, रोहित कुशवाहा प्रेस्पुटेंस समिति के सदस्य एवं ग्रामवासी उपस्थित थे।

### मास्टर ट्रेनर्स का प्रशिक्षण कार्यक्रम आज

**पन्ना,देशबन्धु।** बूथ लेवल ऑफिसर्स के लिए राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के अन्तर्गत राज्य स्तरीय, जिला स्तरीय एवं विधानसभा स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स का प्रशिक्षण कार्यक्रम आर.सी.वी.पी. नरोन्हा प्रशासन एवं प्रबंधकीय अकादमी भोपाल में 21 जून को समय 10 बजे से 6 बजे तक आयोजित किया जायेगा। प्रशिक्षणार्थियों को राज्य स्तरीय मास्टर ट्रेनर, जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर, विधानसभा स्तरीय मास्टर ट्रेनर का प्रशिक्षण दिया जायेगा। प्रशिक्षण कार्यक्रम को मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी संबोधित करेंगे। प्रशिक्षण में विधिक प्रावधान एवं निर्वाचक नामावली प्रक्रिया, रोल प्ले, फॉर्मो को भरना तथा केस स्टडीज, बीएलओ ऐप एवं फॉर्म भरने के अभ्यास का आंकलन तथा शंका समाधान किया जायेगा। उक्त प्रशिक्षण में भारत निर्वाचन आयोग में प्रशिक्षित सफल बीएलओ भी उपस्थित रहेंगे।

### जिलास्तरीय युवा संगम मेला 24 को

**पन्ना,देशबन्धु।** जिला रोजगार कार्यालय द्वारा शासकीय आईटीआई पन्ना में मंगलवार, 24 जून को सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक जिला स्तरीय एक दिवसीय युवा संगम मेला आयोजित किया जाएगा। इसमें विभिन्न निजी कंपनियों के प्रतिनिधि साक्षात्कार के माध्यम से शिक्षित बेरोजगार युवाओं का वैतनिक रोजगार के लिए चयन करेंगे। सभी शहरी व ग्रामीण क्षेत्र के शिक्षित बेराजगार आवेदकों से इस अवसर का लाभ उठाने की अपील की गई है।

## गुनौर विधायक ने किया सीसी रोड व पंचायत भवन का लोकार्पण





**पन्ना, देशबन्धु।** गुनौर विधायक डॉ. राजेश वर्मा ने शुक्रवार को क्षेत्रवासियों को विभिन्न सौगातें प्रदान की। विधायक डॉ. वर्मा ने ग्राम पंचायत हिनौती अमानगंज में सीसी रोड के लोकार्पण के साथ पंचायत भवन के नवनिर्मित अतिरिक्त कार्यों का भी फीता काटकर लोकार्पण किया। इस अवसर पर सरपंच ममता चौधरी सहित अन्य स्थानीय जनप्रतिनिधियों द्वारा विधायक का स्वागत किया गया। स्थानीयजनों द्वारा भी बहुप्रतीक्षित मांग पूर्ण होने पर विधायक का आभार जताया गया।

कार्यक्रम के दौरान विधायक डॉ. वर्मा ने कहा कि ग्राम पंचायत भवन डिजिटल एवं सर्वसुविधायुक्त होने से अब सूचना प्रौद्योगिकी एवं नवीन तकनीक के उपयोग से जनहितैषी योजनाओं के क्रियान्वयन और अन्य विकास कार्यों में तेजी आएगी। उन्होंने कहा कि स्थानीय किसानों को मंडी से फसल विक्रय के माध्यम से उचित मूल्य की व्यवस्था सुनिश्चित की गई और प्रत्येक गरीब व्यक्तियों तक पारदर्शी तरीके से विभिन्न योजनाओं का हितलाभ पहुंचाया जा रहा है। विधायक ने खेल मैदान विकसित करने तथा अन्य विकास कार्यों को पूर्ण करने का भरोसा भी दिया।

## खनिज के अवैध भंडारण पर होगी संयुक्त कार्रवाई

### जिला स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक

**शहडोल, देशबन्धु।** खनिज विभाग की जिला स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक कलेक्टर डॉ. केदार सिंह की अध्यक्षता में कलेक्टर कार्यालय के सोन सभागार में सम्पन्न हुई। कलेक्टर ने जिले में अवैध उत्खनन, परिवहन, एवं भंडारण पर रोक लगाने हेतु विभिन्न विभागों राजस्व, पुलिस, वन,परिवहन, के साथ समन्वय कर संयुक्त रूप से कार्यवाही करने का अभियान चलाने के निर्देश दिये।



उन्होने कहा कि चिन्हित क्षेत्रों बु?वा, पपौध, बरकछ, बराछ, जरवाही, धनगवां तथा बिजौरी क्षेत्रों में संयुक्त टीम कार्यवाही करे। शहडोल जिले के सीमा से लगे वन क्षेत्रों, सोन घडियाल अभ्यारण्यों क्षेत्र में रेत के अवैध उत्खनन, परिवहन, एवं भंडारण पर कार्यवाही करने ई-चेक गेट ब्यौहारी से खनिज परिवहन करने वाले वाहनों में नम्बर प्लेट नही होने पर पुलिस एवं परिवहन विभाग के माध्यम से कार्यवाही करने का निर्णय लिया गया। मानसून अवधि में उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण तथा कोयले के अवैध उत्खनन पर कार्यवाही करने का निर्णय लिया गया।

पुलिस अधीक्षक रामजी श्रीवास्तव ने कहा कि जिले में अवैध गतिविधियों पर लगातार कार्यवाही की जा रही है। पुलिस विभाग द्वारा संयुक्त टीम की कार्यवाही को हर संभव सहयोग दिया जायेगा।

बैठक में वन मंडलाधिकारी सुश्री श्रद्धा पेंद्राम ,सोन घडियाल से सुधीर मिश्रा, जिला खनिज अधिकारी राहुल शान्डिल्य, जिला परिवहन अधिकारी अनपा खान सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## खितौली गांव के पास 21 जंगली हाथियों की हलचल

**उमरिया, देशबन्धु।** बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के बफर जोन के पास स्थित खितौली गांव की ओर जंगली हाथियों के एक बड़े झुंड की आमद से वन विभाग और टाइगर रिजर्व प्रबंधन में हड़कंप मच गया। जैसे ही 21 जंगली हाथियों के मूवमेंट की जानकारी मिली, टाइगर रिजर्व प्रबंधन ने सतर्कता बढ़ा दी और रातभर सतत निगरानी करते हुए हाथियों को आबादी से दूर रखने की कोशिश की।

प्रबंधन ने स्थिति को गंभीरता से लेते हुए गांव की ओर बढ़ रहे हाथियों के झुंड को रोकने के लिए तत्काल रेंजर, डिप्टी रेंजर, बीटगार्ड सहित अन्य ग्राउंड स्टाफ को तैनात कर दिया। ग्रामीणों की सुरक्षा को प्राथमिकता मानते हुए पूरी रात इलाके में निगरानी की गई ताकि हाथियों को गांव की ओर बढ़ने से रोका जा सके।

बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के डिप्टी डायरेक्टर पीके वर्मा ने बताया कि फील्ड डायरेक्टर अनुपम सहाय द्वारा स्पष्ट निर्देश जारी किए गए हैं कि यदि किसी भी कर्मचारी से पहले हाथियों की मूवमेंट की सूचना ग्रामीणों के माध्यम से मिली तो उस कर्मचारी की जवाबदेही तय करते हुए कठोर कार्रवाई की जाएगी।



यही कारण रहा कि पूरे फील्ड स्टाफ ने सतर्कता बरतते हुए रातभर मोर्चा संभाले रखा। हालांकि हाथियों का झुंड गांव की ओर न जाकर जंगल की ओर लौट गया, जिससे किसी प्रकार की जनहानि या नुकसान नहीं हुआ।

**पहले भी हाथियों की मौत से मचा था हड़कंप**

बांधवगढ़ क्षेत्र हाल ही में जंगली हाथियों से जुड़ी एक गंभीर घटना के कारण पहले ही सुर्खियों में रहा है। आपको बता दें कि बांधवगढ़ नेशनल पार्क और टाइगर सफारी, जो मध्य प्रदेश ही नहीं बल्कि पूरे देश और विश्व में अपनी जैव विविधता और बाघों की संख्या के लिए प्रसिद्ध है, वहां हाल ही में 10 जंगली हाथियों की अचानक मौत ने पूरे प्रदेश में हड़कंप मचा दिया था।

इस घटना के बाद वन्यजीव संरक्षण से जुड़ी एजेंसियों और प्रशासन की कार्यशैली पर सवाल उठने लगे थे। ऐसे में वर्तमान में खितौली गांव के पास हाथियों की मूवमेंट की सूचना मिलते ही प्रशासन ने किसी भी संभावित दुर्घटना को रोकने के लिए पहले से ही सक्रिय रूप दिखाया।

**ग्रामीणों से अपील, किसी भी मूवमेंट की दें तुरंत सूचना**

प्रबंधन ने आसपास के ग्रामीणों से भी अपील की है कि यदि वे हाथियों की मौजूदगी या मूवमेंट को लेकर कोई गतिविधि देखें तो तत्काल वन विभाग को सूचित करें। इससे समय रहते आवश्यक कार्रवाई की जा सके और किसी भी प्रकार की जानमाल की हानि को टाला जा सके।

## आवेदनों का समय सीमा में निराकरण नहीं होने पर नोटिस जारी

**पन्ना,देशबन्धु।** लोक सेवा गांरटी अधिनियम 2010 अंतर्गत योजना, आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग के जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र के लंबित आवेदनों का समय सीमा में निराकरण नहीं होने पर तीन ग्राम पंचायत सचिवों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। इनमें पवई विकासखण्ड की ग्राम पंचायत रैकरा, पन्ना विकासखण्ड की ग्राम पंचायत गौरा एवं अजयगढ़ विकासखण्ड की ग्राम पंचायत मोहाना के सचिव शामिल हैं। जिला योजना अधिकारी एवं द्वितीय अपीलीय अधिकारी लोक सेवा गांरटी अल्का रजनी दास द्वारा अधिनियम की धारा 5(2) के उल्लंघन पर धारा 6 के तहत स्वप्रेरणा के आधार पर संज्ञान लेकर नोटिस जारी करने की कार्रवाई की गई है। इस संबंध मे तीन दिवस के भीतर संबंधित सचिव से अधिनियम के 7.1 (क) के प्रावधान अनुसार 500 रूपए प्रति आवेदन के मान से शास्ति अधिरोपित करने के संबंध में प्रतिवेदन चाहा गया है। जबाव संतुष्टिपूर्ण न होने एवं भविष्य में समय सीमा बाह्य लंबित आवेदन पाए जाने पर एकपक्षीय कार्रवाई की जाएगी।

### बीएलओ प्रशिक्षण के संबंध में निर्देश

**पन्ना,देशबन्धु।** भारत निर्वाचन आयोग एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय के निर्देशानुसार आगामी जुलाई माह में बीएलओ एवं बीएलओ सुपरवाईजर का प्रशिक्षण आयोजित किया जाएगा। इस संबंध में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुरेश कुमार ने पन्ना, पवई एवं गुनौर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

## राहुल गांधी के जन्मदिन पर पौधरोपण

**सिंगरौली,देशबन्धु।** देश की सशक्त आवाज न्याय के योद्धा कांग्रेस पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी जी का जन्मदिन बड़े उत्साह के माहौल में जिला कांग्रेस के नेताओं ने विंध्यनगर नवजीवन बिहार स्थित शासकीय विद्यालय के प्रांगड़ में वृक्षारोपण कर केक काटकर तथा जिला मुख्यालय स्थित दक्षिण मुखी हनुमान जी महराज के मंदिर में पूजन आरती कर मिष्ठान वितरण कर अपने प्रिय नेता को याद करते हुए उन्हें महान योद्धा बताया।



कांग्रेस नेताओं ने कहा कि आज जो लड़ाई राहुल जी लड़ रहे है वह लड़ाई कारगर सिद्ध हो रही है राहुल जी के कारण ही देश के किसानों के हित में दो काले कानून केंद्र सरकार ने वापस लिया वही अभी हाल ही में राहुल गांधी जी के लम्बी लड़ाई के बाद देश के अंदर जाती जनगणना कराने को लेकर केंद्र सरकार विवश हुई यह राहुल जी की बड़ी जीत है। राहुल जी के नेतृत्व में आगामी 2029 में हम सभी कांग्रेस जन एकजुट होकर उन्हें भारत देश का प्रधानमंत्री बनाने का संकल्प लेते है।

उक्त अवसर पर प्रमुख रूप से जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष पंडित राम अशोक शर्मा जी पूर्व जिला पंचायत की अध्यक्ष दीदी मधु शर्मा जी जिला कांग्रेस सेवादल के अध्यक्ष रूपेश चन्द्र पाण्डेय जी प्रदेश कांग्रेस के पूर्व सचिव अनिल सिंह जी प्रदेश कांग्रेस के पूर्व सचिव राघवेंद्र श्रीवास्तव मुनखू जी प्रदेश कांग्रेस के पूर्व सचिव बी एन त्रिपाठी जी मध्य प्रदेश कांग्रेस के पूर्व सचिव तथा जिला कांग्रेस कमेटी वन पर्यावरण प्रकोष्ठ के अध्यक्ष ज्ञानेंद्र सिंह ज्ञानू मध्य प्रदेश कांग्रेस झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ के उपाध्यक्ष बी के श्रीवास्तव जी मध्य प्रदेश कांग्रेस विधि प्रकोष्ठ के महामंत्री अवनीश दुबे जिला कांग्रेस कमेटी शहर के महामंत्री रमेश कुशवाहा जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के उपाध्यक्ष मुकेश शर्मा जी पूर्व पार्षद विनीता कुशवाहा जी सहित कई अन्य नेता पदाधिकारी मौजूद रहे।

## वर्षों से जमे अफसरों का तबादला जरूरी

**जयसिंहनगर, देशबन्धु।** जहां प्रसान को चाहिए किविगत 25 से 35 वर्षों से जमे सभी विभागों में अधिकारी कर्मचारी पदस्थ हैं। प्रशासनिक व्यवस्था के तहत मध्यप्रदेश शासन को चाहिए विभागों में एक ही जगह पर कम से कम 3 वर्ष कर्मचारीयो रहने का अधिकार शासन को रखना चाहिए।

यहां तो जो एक बार किसी विभाग में पदस्थापना होकर आता है तो वह यहीसे रिटायरमेंट होने की फिराकमें रहता है। क्योंकि कर्मचारी अधिकारी की मनसिकता यह बन जाता है की अपने कर्तव्यों के प्रति सजग न होकर लापरवाही स्वरूप कार्य करनेकी मानसिकता बनाकर अपने आप में अधिकारी कर्मचारी निश्चितहोकर अपने पद अनुकूल कार्य नहीं करते हैं। उन्हें वहां के भौगोलिक ज्ञान से भलीभांति परिचित होकर मनमानी पूर्ण ढंग से कार्य करते हैं। अभीहाल में ही नगर परिषद जयसिंहनगर में विगत 35 से 30 वर्षों लगातार कर्मचारी पदस्थ हैं नगरी प्रशासन विभाग द्वारा ऐसे कर्मचारियों का स्थानांतरण अन्य जगह हुआ है। लेकिन यह कर्मचारी जाने के लिए तैयार नहीं है क्योंकि यहां मौज मस्ती कर मनमाना ड्यूटी करने पर हर वक्त आमादा रहते थे।

जब मनचाहा कार्यालय पहुंचे और जब मन चाहे कार्यालय से निकाल लेना इन लोगों के लिए आम बात बन चुकी थी। नगर परिषद सीएमओ एवं नगर परिषद अध्यक्ष को चाहिए की ऐसे ही स्थानांतरित कर्मचारी को तत्काल प्रभार से भार मुक्त करें जिससे नगर के विकास कार्य पर कोई रोडा ऐसे कर्मचारी ना पढ़ सके।